केन्द्रीय विद्यालय संगठन
शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अधीन स्वायत्त संस्थान
18 संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली
KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN
An Autonomous Body Under Ministry of Education, Govt. of India
मुख्यालय, नई दिल्ली /Head Quarters, New Delhi
18, Institutional Area, S.J. Marg, New Delhi-110016.
Tel.: 26858570 Fax 26514179
Website: www.kvsangathan.nic.in

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

Comp. No.: 25212
File No.: 11-E-3046/3/2024-Estt-III | 5006-5035.

दिनांक: 01.09.2026

उपायुक्त,
केन्द्रीय विद्यालय संगठन,
समस्त क्षेत्रीय कार्यालय।

**विषय: वर्ष 2026 हेतु केन्द्रीय विद्यालय संगठन के आंचलिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों (ZIETs) हेतु प्रशिक्षण सहायकों (Training Associates) की तैनाती के संदर्भ मे।**

महोदया/महोदय,

उपरोक्त विषय के संदर्भ में इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक 27.07.2026 के माध्यम से आपके क्षेत्रीय कार्यालय के अधीनस्थ केन्द्रीय विद्यालयों में कार्यरत पात्र शिक्षकों के नाम निर्धारित प्रपत्र में प्रेषित किए जाने हेतु अनुरोध किया गया था, ताकि प्राप्त आवेदनों के आधार पर उन्हें केन्द्रीय विद्यालय संगठन के आंचलिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों (ZIETs) में प्रशिक्षण सहायक (Training Associates) के रूप में तैनाती हेतु शॉर्टलिस्ट किया जा सके।

किंतु, उक्त पत्र के अनुपालन में 25 क्षेत्रीय कार्यालयों में से 14 क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा शून्य सूचना प्रेषित की गई है। इसके अतिरिक्त, अन्य क्षेत्रीय कार्यालयों से भी विभिन्न विषयों के लिए अपेक्षित संख्या में आवेदन प्राप्त नहीं हुए हैं, जिसके कारण ZIETs में निर्धारित रिक्तियों के विरुद्ध पर्याप्त संख्या में पात्र अभ्यर्थियों का चयन/शॉर्टलिस्टिंग किया जाना संभव नहीं हो पा रहा है।

अतः आपसे पुनः अनुरोध है कि निर्धारित रिक्तियों के विरुद्ध पर्याप्त संख्या में आवेदन प्राप्त करने हेतु यथासंभव प्रयास किए जाएँ एवं निर्धारित प्रपत्र में पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र **दिनांक 10.09.2026** तक इस कार्यालय में प्रेषित करें। ***इसके अतिरिक्त पत्र दिनांक 27.07.2026 में उल्लिखित अन्य सभी दिशा-निर्देश, पात्रता मानदंड, विषयवार आवश्यकता एवं नियम एवं शर्तें यथावत लागू रहेंगी।***

**भवदीय,**

1/9/2026

**(सौरभ जेटली)**
**सहायक आयुक्त (स्थापना 2/3)**

<u>प्रतिलिपि</u>:-

1. निदेशक, केविसं ZIETs मैसूर, ग्वालियर, मुंबई, चंडीगढ़ एवं भुवनेश्वर।
2. सहायक आयुक्त (आई.टी सेल), केविसं (मु.), नई दिल्ली को इस निवेदन के साथ कि वे इस पत्र को केविसं (मु.) की वेबसाइट पर प्रकाशित करें।